Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 27-03-2022 | अंक 179

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## समकालीन राजनीति : एक विश्लेषण

### खुद के भरोसे राजनीति करने वाला ही आपका शुभचिंतक हो सकता हैं, बैशाखी वाला नही



**कृष्णा प्रजापति**

राजनीति आज वर्तमान परिपेक्ष्य में जन हित के मुद्दों को कितना आगे ले जाती है और उसके समाधान के लिए कितनी गंभीर प्रयास करती है,, इसपर सभ्य समाज को मंथन करने की जरूरत है,क्योंकि प्रजातांत्रिक प्रणाली में राजनीति का मुख्य लक्ष्य जनहित होना चाहिए। आज राजनीति अपने लक्ष्य से भटक गई है । यूं कहें जनहित गौण हो चुका है और जो लोग राजनीत में आ रहे है वे पूर्व से स्थापित रा. जनीतिज्ञों के शोहरत, अकूत धनदौलत और शानदार जीवन शैली के चकाचौंध से प्रभावित हो कर आ रहे हैं।। जब एक आम सड़क पर किसी मंत्री का काफिला निकलता है और काफिले में दर्जनों टोयटा ,लैंड रोवर,स्कार्पियो गाड़ियां धूल उड़ाती चलती हैं तो एक आम आदमी यही सपने खुद के लिए देखना चाहता है। उसके सपनों में जनहित दूर दूर तक नहीं रहता है। यही वर्तमान राजनीति का सार है। लेकिन राजनीतिज्ञों का दूसरा जमात भी है,भले ही इनकी संख्या बहुत कम है, लेकिन इनकी वजह से जनता लो. कतंत्र में अपना भरोसा कायम रखे हुए है।जो लोग समाज में जमीन से उठ कर अपनी मेहनत से अपने नैतिक मुल्यों से समझौता न करते हुए शोहरत, नाम और धन दौलत अर्जित कर चुके हैं और वो समाज को कुछ देना चाहते हैं । उनके लिए राजनीति सही मायने में जन सेवा है और समाज को इनलोगों पर भरोसा करना चाहिए और चुनावी राजनीति में आगे लाना चाहिए, उन्हें मौका देना चाहिए, जिससे सही मायनों में राजनीति जनहित और समाज हित साधने का सशक्त माध्यम बन सके।एसे लोगों के रा. जनीति की मुख्यधारा में आने से राजनीति के गहरे दाग मिटने लगेंगे और अच्छे और योग्य लोगो राजनीत में आना पसंद करेंगे जब तक जनसेवा से जुड़े लोग रा. जनीति में नही आएंगे। तब तक स्वच्छ एवं जनहित से जुड़ा लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम नही हो पायेगा। इसलिए आने वाले पंचायत चुनाव में अपने दायित्व को समझे और खुद के भरोसे समाज की सेवा की बीड़ा उठाने वाले को चिन्हित कर सपोर्ट करें। न कि बैसाखी की राजनीति को तरजीह दें।

# बरही रेलवे स्टेशन परिसर में बनाया जा रहा सार्वजनिक शौचालय एक वर्ष से पड़ा है अधूरा, खुले शौच के लिए मजबूर है यात्री

## खुला पड़ा सेफ्टी टैंक दे रहा है दुर्घटना को आमंत्रण, वर्षो से खराब पड़ा है चापाकल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही रेलवे स्टेशन से काफी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इनमे महिलाओं की संख्या काफी रहती है। लेकिन इन यात्रियों के लिए जो मूलभूत सुविधाएं होनीं चाहिए थी। वह उपलब्ध नही हो पा रही है। बरही रेलवे स्टेशन तीन तीन नेशनल हाइवे के संगम पर अवस्थित है। जिसके कारण रेलवे से यात्रा करने वाली यात्रियों की संख्या काफी रहती है। लेकिन बिडम्बना है कि इतने बड़े रेलवे स्टेशन में एक भी सार्वजनिक शौचालय नही है। जिसके कारण यात्रियों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है। खुले में शौच के वजह से स्टेशन परिसर एवं आस पास गंदगी का अंबार रहता है। दुर्गंध फैल रहा है। एक वर्ष पहले सार्वज. निक शौचालय बनाने की पहल की गई थी। फ्लोर, सेफ्टी टैंक एवं पनसोखा आधा अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया है। एक साल से वह अधूरा पड़ा है। सेफ्टी टैंक मात्र 6 फिट गहरा है। जबकि उसे कम से कम 10 फिट गहरा होनीं चाहिए थी। पनसोखा का निर्माण भी घटिया सामग्री से किया गया है।



अधूरा पड़ा सार्वजिनक शौचालय

जिसके कारण उसमे लगाया गया ईट उखड़ रहा है। सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के प्रति रेलवे प्रशासन गंभीर नही दिख रहा है। रेलवे प्लेटफार्म में लगा एक चापानल वर्षो से खराब पड़ा है। रेलवे प्रशासन की माने तो चापानल का हैंडल भी चोरी कर ली गई है। गर्मी में यात्रियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। शौचालय अधूरा पड़ा रहने के वजह पूछने पर स्टेशन अधीक्षक चंदन केशरी ने बताया कि एक साल पूर्व से ही अधूरा पड़ा है। यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। लेकिन हमला. ेगों को बताया नही जाता है कि शौचालय का निर्माण किसके द्वारा कराया जा रहा है। रेलवे बोर्ड से ही टेंडर होता है। संवेदक के मनमानी से हम सब परेशान रहते हैं। क्या कहते हैं निरीक्षण पदाधिकारी रू रेलवे विभाग के हज़ारीबाग़ सेक्टर के आई डब्लू देवकी नंदन ने बताया कि सभी स्टेशन में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड से टेंडर होता है । जिसका टेंडर हुआ है, उनसे बात की जाएगी। जल्द ही शौचालय पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।



वर्षो से खराब पड़ा चापाकल

# पति पत्नी विवाद में पति ने फांसी लगा किया आत्म हत्या,

## पत्नी के मायके जाने के बाद पति डिप्रेशन में था



**मुकेश यादव**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत कुण्डवा गांव में एक 23 वर्षीय युवक मुकेश यादव पिता स्व लाखे यादव ने फांसी लगा आत्म हत्या कर लिया। सूचना पुलिस को दी गई। पदमा ओपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे पर पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव आया। देर शाम कुण्डवा शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि मुकेश यादव की शादी दो वर्ष पूर्व चौपारण प्रखण्ड के सलहरा गांव में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दोनों पति पत्नी में हमेशा विवाद होता रहता था। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई। लेकिन दोनों में कोई सुधार नही हुआ। इधर विवाद को बढ़ता देखते विवा. हता के पिता ने 15 दिन पहले 5 माह के बच्चा के साथ लड़की को अपने साथ सलहरा ले गया। तब से लड़का मुकेश डिप्रेशन का शिकार हो गया। डिप्रेशन के कारण ही वह शनिवार देर रात अपने कमरे में फांसी लगा लिया। सुबह जब उनकी माँ उसे उठाने गई तो वह पंखा के फंदे से झूलता देखी। आस पास के लोग आए। पुलिस को खबर की गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पिछले 15 सालों से घर के छत पर फल फूल और सब्जी उगा रहे है बरही के जाने माने होम्योपैथ चिकित्सक डॉ कृष्णा केशरी

## खेती लायक जमीन नही होने का रोना रोने वाले लोगों के लिए बन रहे हैं प्रेरणास्रोत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड निवासी कृष्णा प्रसाद केशरी बरही के जाने माने एवं सबसे पुराने होम्योपैथ चिकित्सक हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में इनकीं एक अलग पहचान हैं। लेकिन इन्हें चिकित्सा के साथ साथ कृषि, बाग. वानी में भी गहरी रुचि है। यही वजह है कि शहरी क्षेत्र में बने अपने मकान के ऊपर छत पर फल, फूल एव कई वेरायटी की सब्जी उगा रहे है। डॉ कृष्णा केशरी बताते है कि उनहे खुद के हाथों से फल फूल एवं सब्जी उत्पादन करने का काफी शौक हैं। छत पर सब्जी एवं फूल उगाने के लिए ऑर्गेनिक खाद को प्रयोग में लाते है। फल फूल एवं सब्जी उगाने के लिए खुद से कई क्यारी बनाए हुए हैं। वही फूल एव सब्जी उगाने के लिए मछली कार्टून एवम गमला का भी उपयोग में ला रहे हैं।



छत पर खेती करते डॉकृष्णा केशरी

डॉ केशरी के अनुसार वे छत पर15 सालों से फल फूल एवं सब्जी उगा रहे है। उनके छत के ऊपर लगे बागवानी में गुलाब, सूर्यमुखी, सहित कई तरह का फूल, अनार, पपीता, केला सहित कई तरह के फल लगे हुए हैं। वही टमाटर, लहसुन, प्याज, करेला, कद्दू, बैगन सहित दर्जनों तरह के सब्जी लगे हुए है। खेती लायक जमीन नही होने की रोना रोने वाले लोगों के लिए डॉ कृष्णा केशरी प्रेरणादायक है। डॉ केशरी ने बताया कि छत के ऊपर खेती करने से फल फूल एवम ताजी सब्जी मिलती है। वही शुद्ध अ०क्सीजन की भी प्राप्ति होती है। मन प्रसन्न रहता है। सकारात्मक ऊर्जा की उतपति होती है। कहा कि हर लोगों को खाली पड़ी छत का उपयोग बा. गवानी के लिए करनी चाहिए। ज्ञात हो कि डॉ केशरी आरएसएस प्रशिक्षित हैं। 70 से ऊपर उम्र होने के बाद भी पूरी तरह फीट हैं। रोज संघ के शाखा में जाते हैं। सामा. जिक एवं धार्मिक कार्यो में इनकीं गहरी रुचि रहती है। सनातन संस्कृति के विकास में इनका काफी योगदान रहता है। चिं. कत्सा के साथ साथ खेती के प्रति गहरी रुचि को देखते हुए लोग इनसे इनकीं दिन चर्या को आत्मसात कर रहे हैं।

## भगवती मंदिर अखाड़ा के अध्यक्ष बने अनीस , महासचिव बने अंकित कुमार

### रामनवमी पूजा समिति भगवती मंदिर का हुआ गठन



बैठक में शामिल श्रद्धलू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भगवती मंदिर बरही बाजार के प्रांगण में रामनवमी पुजा को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमे सर्वसम्मीति से अध्यक्ष , अनीश कुमार ,महासचिव, अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार, अनिल केशरी उपाध्यक्ष सुमन कुमार (ब०बी कुमार) सचिव सागर केशरी , सागर साव को बनाया गया। आयोजन समिति में मुख्य कार्यकारणी सदस्य राजु कुमार, बिपीन मधे. शिया, रवि कुमार, हैपी विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, करण कुमार , राहुल सोनी, पिंटु कुमार, छोटू यादव, विशाल कुमार, निशांत कुमार, रितिक राज, आदि को शामिल किया गया। संरक्षक के तौर पर रमेश ठाकुर, बिपीन सिन्हा, विनय साहु, अनुज साहु , अजय दुबे, मंटू केशरी, ब्रजेश ठाकुर, संजय केशरी, राजेश साव, आकाश राज,अरुण वर्णवाल, जय प्रकाश केशरी, गुड्डू गुप्ता, विकास गुप्ता, रवि केशरी,रमेश श्रीवास्तव, विजय मधेशिया, संजय गुप्ता, अमित केशरी, विनोद साव को बनाया गया।

## मदरसा आलिया मुरादिया का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत में संचालित दारुलउलूम मदरसा आलिया मुरादिया में सलाना इम्तिहान का घोषणा सह इनामी मुक. ाबला क०न्फ्रेंस का इनेकाब किया गया। सबसे पहले क०न्फ्रेंस का आगाज़ हाफिज अल्लाउद्दीन के तिलावते कुरआन मजिद से किया गया। सबसे पहले कार्यक्रम में मदरसा में पढ़ रहे तलबा और तलाबात के बीच में तीन तरह के बज्म रखा गया जिसमें बज्मे रज़ा, बज्मे बरकाती और बज्मे नूरी के तहत नात खां, दरूद शरीफ, नमाज पढ़ने की तरीका, तकरीर और महिलाओं को शरीयत के मुताबिक जिंदगी बसर करने के बारे में मुकाबला किया गया। कॉन्फ्रेंस के शदारत सह मदरसा आलिया मुरादिया के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम हैदर रिजवी ने बताया कि यह मदरसा सन 1987 से संचालित किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष कई बच्चे यहां से अपनी पढ़ाई को पूरा करके उच्च स्तर के पढ़ाई के लिए देश के बड़े मद. रसों में दाखिला ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मदरसे में पढ़ने वालों बच्चों को दिनी तालिम के साथ–साथ दुनयावी तालीम भी दी जा रही है। यहाँ से हर वर्ष लगभग 40 से 50 बच्चे झारखण्ड अक. ादमी क०उन्सिल बोर्ड द्वारा आयोजित वास्तनिया, फौ. कनिया, मौलवी एवं आलिम की परीक्षा में शामिल होकर उच्च शिक्षाओं को हाशिल कर रहे हैं। वहीं मदरसा के वार्षिक परीक्षा में आबिद अंसारी, मेहताब आलम, शाहिल अंसारी, निज़ामुद्दीन, इजरेल, आएशा प्रवीन, तहनित खातून, शबाना आरजु, सालेहा नाज़, मुस्कान प्रवीण ने अपने अपने दर्जे में बेहतर प्रदर्शन किए। नोजवान कमिटि द्वारा बेजतर करने वालों बच्चियों को हिज़ाब व बच्चों को पगड़ी ताजपोशी कर एवं सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मदरसा बोर्ड में शामिल होने वाले बच्चों को भी विशेष उपहार दिया गया एवं भविष्य में कड़ी मेहनत कर अपने पंचायत का नाम रौशन करने की सलाह दिए। साथ ही जूनियर वर्ग के बच्चों को उपहार स्वरूप पेन, पेंसिल, कॉपी दिया गया। वहीं कार्यक्रम में कुदर से चलकर आये मुख्यरुप से मौलाना फैयाज रिजवी ने सभी बच्चों को अपने हुनर के मुताबिक आगे बढ़ने की बात कही। क०न्फ्रेंस में मौलान खुर्शीद आलम, जहूर अंसारी, सदर अस्मिद अंसारी,अनवर अंसारी, आदिल अंसारी, मुस्ताक अंसारी, हाफिज़ मेहबूब आलम, मेराज उद्दीन, अज़हरुद्दीन, शोयब अख्तर,मुर्शिद आलम, मुस्ताक अंसारी, हबीब मियां, हाजी जलील मियां, हैदयात अली, अब्दुल सलाम आदि लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किए

## विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हर साल 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है इसकी स्थापना वर्ष 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंग. मंच संस्थान (ITI) द्वारा की गई थी। इसे मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को थिएटर के मूल्यों और महत्व बताना तथा दुनिया भर में रंगमंच को बढ़ावा देना है।
रंगमंच दो शब्दों के मेल से बना है रंग और मंच, यानि कि ऐसा मंच जिस पर विभिन्न रंगों को लोगों के बीच प्रदर्शित या पेश किया जा सके। पश्चिमी देशों में या अंग्रेजी में इसे जीमंजमत (थियेटर) शब्द से संबोधित किया जाता है।
विश्व रंगमंच दिवस रंगमंच कला के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का दिन है। ऐसा करने के लिए हर साल 27 मार्च को पिछले 59 सालों से एक थीम का पालन किया जाता है। विश्व रंगमंच दिवस 2022 की थीम "थिएटर एंड ए कल्चर ऑफ पीस" ("जीम. ंजतम ंदक ं बनसजनतम वच्मिंबम." है।
विश्व थिएटर दिवस का उद्देश्य विश्वभर के लोगों को रंगमंच संस्कृति के विषय में बताना उसके विचारों के महत्व को समझाना और इसके लोगों में दिलचस्पी पैदा करना तथा इससे जुड़े लोगों को सम्मानित करना है।
भारत में रंगमंच का इतिहास आज का नहीं बल्कि सहस्त्रों वर्ष पुराना है आप इसके प्राचीनता को कुछ इस तरह से समझ सकते हैं कि पुराणों में भी इसका उल्लेख यम, यामी और उर्वशी के रूप में देखने को मिलता है। इनके संवादों से ही प्रेरणा लेकर लोगों ने नाटकों की रचना की जिसके बाद से नाट्यकला का विकास निश्चित हो सका तथा भारतीय नाट्यकला को शास्त्रीय रूप देने का कार्य भरतमुनि ने किया।

## रामनवमी को लेकर ओरिया में हुआ बैठक समिति के अध्यक्ष बने सुधीर यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरिया स्थित शिवमंदिर प्रांगण में रविवार को रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों के द्वारा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार ने किया। बैठक में पूजा समारोह को सफल बनाने के लिए पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुधीर यादव, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव शैलेश पासवान, उपसचिव गोविन्द यादव, कोषाध्यक्ष राजदीप कुमार, उपकोषाध्यक्ष बादल पा. सवान, पूजा मंत्री हरीश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, जुलूस मंत्री निरंजन यादव, जितेन्द्र कुमार, अमित कुमार, जयपाल यादव, गणपत राम एवं मीडिया प्रभारी विजय यादव को बनाया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार के द्वारा जुलूस पर पाबंदी हटाने पर ही जुलुस निकाला जाएगा। अन्यथा पारंपरिक रूप से गाँव में राम भगवान की पूजा अर्चना व शांतिप्रिय तरीके से गाँव में शोभायात्रा निक. ालने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। मौके पर विशेष रूप से मोहन कुमार, चंद्र साव, विजय साव, जयपाल यादव, विक्की कुमार, खेमलाल कुमार, राजेश कुमार, मिथून गुप्ता, अजय कुमार, अनिल यादव, रंजीत यादव, प्रकाश राणा, पंकज यादव, अमरजीत कुमार, विक्की राणा, दीपक यादव, सुनील यादव, जीतेन्द्र कुमार, उमेश यादव, विक्की यादव, उज्ज्वल कुमार, बादल रावत, आकाश कुमार, अमित गुप्ता, अंशु कुमार, धर्मेन्द्र साव, सावन कुमार सहित कई स्थानीय गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थें।



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum










इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनों की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी

विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

# सहायक अध्यापकों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

## बार–बार कागजात की जांच करने के नाम पर परेशान करना बंद करे विभाग



**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**

डोमचांच प्रखण्ड के मध्य विद्यालय फुलवरिया में शनिवार को सहायक अध्यापकों का जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रणव मुरारी ने किया एवं संचालन शकिब महमूद एवं बीरेंद्र साव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बीरेंद्र राय उपस्थित थे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। वहीं सभी पारा शिक्षकों में जिला के पदाधिकारियों के प्रति काफी आक्रोश देखी गई। वक्ताओं ने कहा की आये दिन रोज पदाधिकारियों के द्वारा जांच के नाम पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। जब सर्टिफिकेट की जांच तीन–तीन बार किया जा चुका है तो फिर से जांच क्यों। वक्ताओं ने कहा कि आखिर जांच के नाम पर कितने दिनों तक शोषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 18 वर्षो के कार्यकाल में कितने शिक्षक सेवानिवृत हो गए लेकिन इनकी जांच अभी तक पेंडिंग है। नित्य सहायक शिक्षकों को एक पत्र जारी कर डराने–धमकाने का काम किया जा रहा है। वहीं कुछ साथियों में टेट विसंगति को लेकर भी आक्रोश है की जब अन्य जिलों में टेट विसंगति का फैसला हो गया है तो फिर कोडरमा में क्यों नही हो रहा है। इसके अलावे वक्ताओं ने कहा की जिसका निराकरण प्रखण्ड स्तर पर किया जा सकता है उसको जिला में बुलाकर पठन–पाठन कार्य बाधित किया जा रहा है जो अनुचित है। वहीं लोगो ने कहा की सरकार पारा शिक्षकों का केवल नाम बदलकर ठगने का काम किया है। वहीं वीरेंद्र राय ने कहा की संगठन में एकता बनाये रखें। संगठन की ताकत को समझें। संगठन की ताकत ही है की हम आज यहां तक पहुंच पाए हैं। जबकि प्रणव मुरारी ने कहा की संगठन के चुनाव के बाद एक जिला स्तर पर जोरदार आंदोलन की जरूरत है। जिला में कुछ दलाल किस्म के लोग माहौल खराब कर रखा है। वहीं सगठन ने सव. सम्मति से जिला स्तर का संगठन का चुनाव 3 अप्रैल को ध्वजाधारी मन्दिर के पास आहूत किया गया है। जिसमे ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को आने की अपील की गई है। वहीं चुनाव के लिये प्रखण्ड स्तर पर संचालन समिति बनाया गया है। संचालन समिति में मुख्य रूप से रामु यादव, शकिब आलम, सलीम अंसारी, दामोदर यादव, वीरेंद्र साव, रामु यादव, प्रदीप गिरी, मनोज राणा आदि का नाम शामिल है। मालूम हो कि प्रत्येक प्रखण्ड से पांच सदस्यों को सदस्य बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सलीम अंसारी, सुभाष सिंह, पोखराज साव, मनोज यादव, राजेन्द्र पा. सवान, अजय यादव, कैलाश राम, सुरेश यादव, प्रदीप कुमार गिरी, शम्भू कुमार, विकेंद्र कुमार सिन्हा, विपिन कुमार, मिथलेश यादव, राजेश सिंह, रामु यादव आदि मौजूद थे।




# दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति डोमचांच प्रखंड के पुनर्गठन

## नोखलाल दास को प्रखंड अध्यक्ष व राजू तुरी को सचिव बनाया गया




दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति डोमचांच की बैठक में उपस्थित लोग

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**

कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड स्थित सांस्कृतिक भवन में दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन को लेकर रविवार को एक भव्य बैठक का आयोजन संजय कुमार दास के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा जिला अध्यक्ष इंद्रदेव राम, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज रजक, जिला सचिव गणेश दास, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, दुर्गा राम, प्रकाश अम्ब. ेडकर, मुखिया कुमुद देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप. स्थित दर्जनों लोगों ने बारी–बारी से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव राव अम्बेडकर के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर नमन किया। मनोज रजक ने अपने सम्बोधन में कहा की बाबा साहब ने कहा था की संगठित रहो, संघर्ष करो व शिक्षित बनो। इसलिए हम दलितों को चाहिए की बाबा साहब द्वारा बताए गए बातों को अमल कर उनके बताए रास्ते पर चलें तभी समाज के लोगों का कल्याण होगा। वहीं दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा की आज पूरे देश का जो हालात है उसे देखते हुवे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। क्योंकि हमारे देश का संविधान खतरे में है। इसलिए दलितों को एक मंच पर आने का जरूरत है। ब्राह्मण वादी लोग हमारे दलित समाज का संगठ्न को तोड़ने में लगे हुवे हैं। इसलिए हमारे समाज के लोगों को शिक्षा पर बिशेष ध्यान देने की जरूरत है। तभी हम समाज का उत्थान कर पाएंगे और लोकतंत्र को बचा सकेंगे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नोखलाल दास, सचिव राजू तुरी, उपाध्यक्ष बंटी रजक, संगठन सचिव – जितेंद्र रविदास, कोषाध्यक्ष – परमे. स्वर दास, मीडिया प्रभारी सुनील चौधरी और सुनील रजक का चुनाव किया गया। मौके पर सूर्यदेव कुमार, भोला तुरिया, राजू तुरिया, संदीप कुमार, संदीप दास, सुनील कुमार रजक, अमर रजक समेत दर्जनों लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन थानू दास ने किया।

# मकान में लगी आग ,लाखों का नुकसान



**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबे में अक्षय चौधरी, चिंतामणि चौधरी पिता स्वर्गीय खेयाली चौधरी चौबे निवासी के मकान में बीती रात लगभग 10रू11 बजे आग लग गई जिससे घर में रखे 3 क्विंटल गेहूं 6 क्विंटल चावल एवं जरूरी काग. जात जेवरात बर्तन एवं 45 हजार नगद जलकर राख हो गया ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग को बुझाया गया तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। अक्षय चौधरी ने बताया कि हमारे बेटे की शादी अगले महीना होना था जिसके लेकर धीरे- धीरे सारा सामान अपने घर में लाकर रख रहे थे। सांसद सह प्रधान प्रति. निधि सुबोध चौधरी समा. जसेवी कुमार अंशु, संजय चौधरी , भुनेश्वर स्वर्णकार सभी ने बताया कि आग लगने की जानकारी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दिया गया है।एवं पीड़ित को आपदा प्रबंधक से उचित मुआवजा दिया जाए।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मलिकाना में महायज्ञ की तैयारी, 2 अप्रैल को कलश यात्रा, पूर्व विधायक होंगे मुख्यातिथि



**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण बच्छई पंचायत के मलिकाना में आगामी 2 अप्रैल से शुरू हो रहे श्री श्री 1008 नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीराम कथा की तैयारी लगभग लगभग पूरी कर लिया गया है। इसी कड़ी में आयोजन समिति ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव से मिलकर बतौर मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित होने का आमंत्रण पत्र सौंपा। पूर्व विधायक ने कलश यात्रा व अन्य कार्यक्रमो में सम्मिलित होने का आश्वाशन दिया। 2 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा महायज्ञ और पूर्णाहुति के साथ 11 अप्रैल को महायज्ञ कि होगी समाप्ती। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें मुख्य यजमान बिनोद साव को समिति अध्यक्ष, योगेंद्र यादव को सचिव व शंकर दयाल साव को कोषाध्यक्ष की जवाबदेही सौंपा गया है। आयोजको ने बताया कि यज्ञाचार्य वृंदावन के चेतना भईया जी व उनकी टीम है वही प्रति सन्धा वृंदावन की सुप्रसिद्ध कथावाचक चित्राशुक्ला अपने मधुर वचनों से श्रीराम कथा सुनाएगी। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक, योगेंद्र यादव, शंकर दयाल साव, छोटन साव, रा. जकुमार साव, राजेन्द्र साव, बासुदेव साव, पूरण साव, संतोष यादव, विकास गुप्ता, मंटू साव, मुकेश साव सहित अन्य।

## बरही विधायक ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस, विधानसभा में उठाये जनहित मुद्दों से कराया अवगत

### कवि कुमार के हत्या के बाद कहाँ थे जयन्त सिन्हा, अन्नपूर्णा देवी व बाबुलाल मराण्डी : अकेला यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने रविवार को अपने चौपारण स्थित आवास पर प्रेस क०न्फ्रेंस कर बजट सत्र के दौरान विधानसभा में उठाये गए जनहित मुद्दों से कराया अवगत। विधायक ने कहा हमने प्रखण्ड के कई पंचायतों में बसे अनुसूचित जनजाति के भूमिहीन परिवारों को भूमि पट्टा की मांग किया, बक्सा डेम से निकली नहर का पक्कीकरण दादपुर से लेकर चौथी तक निर्माण कराने, बुढ़िया ढाबर में मुखिया मद से बिना नाली बनाए एक लाख पैसे की निकासी, कठम्बा से परसातरी, महुदी मोड़ से सदाफ़र नदी ,चौथी मोड़ से लेढिया नदी, महराजगंज से चयकला , झापा से केंदुआ गांव तक कि जर्जर सड़क की निर्माण की मांग को सदन में उठाया। विधायक ने प्रखण्ड में एक डिग्री क०लेज और ट्रामा सेंटर खोलने का मांग किया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए विधायक ने कहा कि रूपेश हत्याकांड के लिए वायरल खबर का खंडन करते हुए कहा कि सेंट्रल जेल में सीसीटीवी होता है चेक करवा लें । कहा रूपेश पाण्डेय को न्याय अवश्य मिलेगा हम उनके परिवार के साथ हैं। विधायक ने चंदवारा के कवि कुमार हत्याकांड का मामला उठाते हुए सांसद जयन्त सिन्हा , बाबूलाल मरांडी, अन्नपूर्णा देवी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हत्या के बाद कहाँ थे ये तीनो नेता। कहा हमने न्याय की लड़ाई लड़ा था। स्थानीय नीति 1932 के सवाल पर विधायक ने कहा माननीय सीएम इस पर कोई ठोस निर्णय लेंगे । कहा कितने अनुसूचित जाति परिवारों के पास 1932 का खतियान मिलेगा । इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, अभिमन्यु भगत, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव सहित कई नेता उपस्थित थे।

## पिपरा में रामनवमी पूजा समिति का गठन, अध्यक्ष बने श्याम, उपाध्यक्ष योगेन्द्र चंद्रवंशी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण जीटी रोड स्थित पिपरा में हनुमान मंदिर परिसर में श्री श्री चौत्र रामनवी पूजा को सफल बनाने के लिए स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेश साव के अगुवाई में बैठक आयोजित किया गया। पूजा व झांकी को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से श्याम कुमार रौशन को अध्यक्ष व योगेंद्र चंद्रवंशी को उपाध्यक्ष, सचिव सचिव किशोर साव, कोषाध्यक्ष अर. विंद उर्फ गुड्डू कुमार उप कोषाध्यक्ष सीताराम राणा को जिम्मेवारी सौंपा गया। अध्यक्ष श्याम कुमार रौशन ने कहा कि हर वर्ष की भान्ती इस वर्ष का पूजा भव्य व आकर्षक होगा। सक्रिय सदस्यों में मिथुन कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, गौतम साव, छोटू चनद्रवंशी, रवि पासवान, पवन राणा, योगेश कुमार, निशांत कुमार, विवेक कुमार, बबलू साव, नंदू चनद्रवंशी, शंकर साव, नरेश साव, सुजीत चंद्रवंशी, बिरेन्द्र साव, नीरज कुमार, देवाशीष कुमार, विक्रम चनद्रवंशी, अजय पा. सवान, उपेंद्र कुमार, प्रकाश चनद्रवंशी, विक्रम साव, उपेंद्र चनद्रवंशी, राहुल पासवान, उत्तम राय, अतुल कुमार, लोकेश राणा, अविनाश कुमार, अविनाश कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार को जिम्मेवारी सौंपी गई।













APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## गावां के मजदूर का हैदराबाद में सड़क हादसे में मौत, घर पहुंचा शव, इलाके में मातम

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के महेशपुर गांव के रहने वाले मजदूर कपिल यादव की हैदराबाद में सड़क हादसे में मौत हो गयी। मजदूर का शव रविवार की सुबह पैतृक गांव महेशपुर पहुंचा। मामले की सूचना मिलने के बाद गांव के लोगों की भीड़ पीड़ित परिवार को सां. त्वना देने पहुंचे। बताया जाता है कि मजदूर हैदराबाद के ग्रैंड होटल में काम करता था। वह चार दिन पहले ड्यूटी के दौरान ही किसी काम से बाहर निकला इसी दौरान सड़क पास करते हुवे मजदूर को अ०टो ने टक्कर मार दिया। घायल अवस्था मे मजदूर का इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद झांरखण्ड एकता मंच के अध्यक्ष जीत यादव व सचिव राजू यादव मजदूर के पास पहुंचे लेकिन इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गयी। इसके बाद झारखंड एकता समाज के सदस्यों के सहयोग से शव को एम्बुलेंस के द्वारा रविवार की सुबह मृतक के पैतृक गांव पहुंचाया गया। घट्ना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव , माले प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, सकलदेव यादव आदि मजदूर के घर पहुंचे और परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। पुर्व विधायक ने कहा कि मजदूर घर का अकेला कमाऊ सदस्य था। इसकी मौत हो जाने से परिवार का समक्ष आर्थिक संकट पैदा हो गया है। मृतक व्यक्ति के दो बच्चे हैं जिसमे से अजित कुमार 10 वर्ष और सुजीत कुमार 12 वर्ष का है। जिला प्रशाशन से परिवार को एक लाख रुपये का आ. र्थक सहायता (सड़क हादसा मुवावजा) देने की मांग की गई है। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से परिवार को जोड़ने की अपील की गई है।

## एनटीपीसी ने 135 दिनों के रिकॉर्ड समय में 1000 कोयला रैंक भेजकर कीर्तिमान स्थापित किया

### आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रोशन है : एमवीआर रेडी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने 27 मार्च 2022 को एनटीपीसी के विभिन्न बिजली संयंत्रों को 9000 वें कोयला रैक भेज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।परियोजना ने इसके साथ ही 34 मिलियन मेट्रिक टन एनटीपीसी के विभिन्न संयंत्रों को कोयला अभी तक भेज दिया है।इसके साथ ही परियोजना ने रविवार को मात्र 135 दिनों के रिक०र्ड समय में 1000 कोयला रैक भेज कर एक और मील का पत्थर हासिल किया।

परियोजना के कार्यकारी निदेशक एम.वी.आर. रेड्डी ने इस उपलब्धि पर सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा की आज देश का हर चौथा बल्ब एनटीपीसी की बिजली से रौशन है और हमारी परियोजना का योगदान इसमे बहुत अहम रहा है।उन्होंने ये कहा कि टीम पीबीसीएमपी ने कड़े लक्ष्य निर्धारित करने और टीम भावना के साथ लक्ष्य हासिल करने की संस्कृति विकसित की है।वहीं परियोजना के महाप्रबंधक नीरज जलोटा ने कहा की यह उपलब्धि सभी विभागों के समन्वित और ईमानदार प्रयासों का परिणाम है हमारी 21 परियोजनाओं को पकरी बरवाडीह परियोजना से उच्च स्तर के कोयले की निरंतर सप्लाई की जा रही है।पकरी बरवाडीह परिवार के सभी सदस्य टीम भावना और देश के सभी भागों को बिजली की निरंतर सप्लाई देने की भावना से काम कर रहे हैं और कोयले के उत्पादन में कोई कोर – कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा को मिला सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव रु एस्क०र्ट एजेंसी द्वारा हजारीबाग सांसद सह वित संबंधी स्थाई समिति अध्यक्ष जयंत सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ सांसद 2022 का अवार्ड मिला। ज्ञात हो कि एजेंसी ने सर्वे में पाया कि भारत सरकार द्वारा सांसद को वित संबंधी विभाग के सभापति के रूप में बेहतर कार्य एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कोरोना काल के दौरान किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार मिलने पर बड़कागांव पूर्वी उरीमारी एवं बड़कागांव पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है एवं सभी कार्यकर्ता गदगद व गा. रांवित महसूस कर रहे हैं साथ ही साथ कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का मनोबल मिला है सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार मिलने पर भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के कार्यकर्ताओं ने दिए बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, सांसद प्रतिनिधि मुकुट धारी महतो, श्रीकांत निराला, महामंत्री सुमन गिरी, सांसद प्रति. निधि पूनम साहू, मनीष पांडे ,दिनेश करमाली, महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्वती देवी, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, एसटी एसी मंडल अध्यक्ष जागेश्वर तुरी रंजीत साव, सचिदानंद पाण्डेय, विजय यादव, हीरालाल साव, तालेश्वर प्रसाद, , केदार महतो, तालेश्वर प्रसाद, नंदकिशोर मेहता, नागेश्वर महतो, जागेश्वर तुरी, त्रिवेणी महतो, महावीर राम, चिंतामणि महतो, मनोज प्रभाकर समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## कर्णपुरा कॉलेज नई शिक्षा नीति 2020 को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कई विशिष्ट लोग हुए शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




सेमिनार को संबोधित करते कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव



उपस्थित विद्याथह्र गण

कर्णपूरा कॉलेज में नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कर्णपुरा क०लेज के प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो एवं संच. ालन सचिव सह जिप सदस्य टूकेश्वर प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर मुकुल नारायण देव विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह व अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कर्णपुरा कॉलेज प्रबंधन की ओर से मौके पर अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत एवं पेड़ देकर सम्मानित किया गया। सभा का संचालन निरंजन प्रसाद नीरज अंजली नीरज व सुनील कुमार दास ने किया। कार्यक्रम के दौरान टूकेश्वर प्रसाद के द्वारा नई शिक्षा नीति प्रणाली की प्रतियां लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ मुकुल नारायण देव ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 की शिक्षा प्रणाली का पालन करना है। किसी भी समाज विकास के लिए शिक्षा ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। अभिभावक अपने बच्चों की इच्छा अनुसार उन्हें अपने विषयों की चुनाव करने दें और उनकी आत्मविश्वास को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। कर्णपुरा कॉलेज को निरंतर मेरा सहयोग मिलता रहेगा। बड़कागांव में डिग्री कॉलेज खुलेगी कांडतरी में जमीन देखी गई।पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि शिक्षा ही सभी सुखों का खान है बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए नशा से दूर रहें ।नशा हमेशा घर का विनाश करता है आज तक नशा से किसी की भलाई नहीं हुई है। प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो ने कहा कि 34 वर्षो के बाद शिक्षा नीति प्रणाली में सुधार लाया गया है जो पहले से अब काफी सुलभ एवं बेहतर है। सभा को रजिस्टार वीरेंद्र कुमार गुप्ता डॉ रामानंद पांड, डॉ चंद्रशेखर सिंह, डॉक्टर गंगा नंद सिंह के अलावा अन्य वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति पर विशेष जानकारी लोगों को दी एवं कार्यक्रम को संबोधित किया । नई शिक्षा नीति 2020 की खास बातें रुपहले 10वी बोर्ड की परीक्षा देना अनिवार्य होता था, जो अब नहीं होगा, 10वीं बोर्ड खत्म, केवल 12वीं क्लास में होगा बोर्ड, एम फील होगा बंद, कॉलेज की डिग्री 4 साल की, अब 5वीं तक के छात्रों को मातृ भाषा, स्थानीय भाषा और राष्ट्र भाषा में ही पढ़ाया जाएगा बाकी विषय चाहे वो अंग्रेजी ही क्यों न हो, एक सब्जेक्ट के तौर पर पढ़ाया जाएगा, 9वीं से 12वीं क्लास तक सेमेस्टर में परीक्षा होगी, स्कूली शिक्षा को 5+3+3+4 फॉर्मूले के तहत पढ़ाया जाएगा। अब बच्चों के बीच आर्ट्स कॉमर्स और साइंस की झमेला से छुटकारा मिलेगा कोई भी बच्चा कोई भी सब्जेक्ट को लेकर पढ़ सकेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मुकुल नारायण देव, जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी, रजिस्ट्रार डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ चंद्रशेखर सिंह, पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो, डॉ रामानंद पांडे, डॉक्टर गंगा नंद सिंह, कर्णपुरा कॉलेज के प्राचार्य कृति नाथ महतो, सचिव टूकेश्वर प्रसाद, निरंजन प्रसाद नीरज, सांसद प्रशासनिक प्रतिनिधि मुकुट धारी महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, जय नारायण प्रसाद, सुरेश महतो, कल्पना कुमारी, सुनील कुमार दास, बासमती देवी, अनु कुमारी, श्रीकांत निराला, ज्योति जलधारा, मोहम्मद फजरुदीन, महेंद्र नाथ पांडे, सुरेश प्रसाद,आशा सिंह, कृ ष्णा सिंह, नरेश कुमार दांगी के अलावा कई गणमान्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## लंगातू गांव में पांच दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 12 अप्रैल से

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



यज्ञ स्थल की साफ सफाई करते लोग।

लंगातू गांव में हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की विशेष बैठक की गई बैठक में 12 अप्रैल से लेकर 16 अप्रैल तक पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ की तैयारी को लेकर यज्ञ स्थल की साफ सफाई कार्य शुरु कर दिया गया है। बैठक में शामिल लोगों में मुख्य रूप से कृष्णा ओझा, रामकिशोर राम,नवीन मिश्रा, शिवकुमार ओझा ,विवेक मिश्रा, संजीत मिश्रा, शिवशंकर ठाकुर, जलाल ठाकुर, बढन तुरी, मंतोष पाण्डेय, सुभाष ओझा, सदानंद तिवारी ,कौशल मिश्रा, विक्की ओझा, राजेश भुईया, र, अशोक ओझा, बुधन तुरी, मगन तुरी, झलकू राम, कंचन मिश्रा, नरेश ओझा, अर्जुन तिवारी, देवदीप तिवारी, राजेन्द्र ओझा, राज ओझा,बिकास ठाकुर , राधे मिश्रा, राम अनुज मिश्रा ,बिशाल तुरी, हेमराज तुरी, आलोक राम रोहित ओझा चंदन राम संजय ठाकुर के अलावा कई लोग उपस्थित थे

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित
एडिटरः सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## बालिका उच्च विद्यालय बादम को प्रस्वीकृति दिलाने हेतु शिक्षा मंत्री से मिली विधायक अंबा प्रसाद, सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बालिका उच्च विद्यालय बादम को प्रस्वीकृति दिलाने के संबंध में राज्य के शिक्षा मंत्री श्री जगरनाथ महतो से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ।अंबा प्रसाद ने माननीय मंत्री श्री जगरनाथ महतो को बताया कि हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के ग्राम बादम में स्थित बालिका उच्च विद्यालय का निदेशक, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड रांची के द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त है तथा उक्त विद्यालय वर्ष 1989 से विधिवत संचालित है। उक्त विद्यालय क्षेत्र के अति पिछड़े ग्रामीणों के द्वारा खोली गई है जिससे आसपास की पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की काफी छात्राएं लाभान्वित हो रही है। विद्यालय को पूर्ण प्रस्वीकृति देने के संबंध में 3 सदस्य समिति के द्वारा निरीक्षण कर प्रतिवेदन झारखंड अधिविध परिषद के सचिव को भी दिया जा चुका है परंतु वर्तमान तिथि तक स्वीकृति अप्राप्त है एवं प्रस्वीकृति के अभाव में कार्यरत शिक्षकों का अनुदान बंद है तथा ऐसी परिस्थिति में विद्यालय का संचालन शिथिल हैद्य उन्हा. ंने मंत्री जी को बताया कि क्षेत्र के लगभग 12 पंचायतों के बीचो बीच एकमात्र यही बालिका विद्यालय अवस्थित है इसलिए बालिका विद्यालय की स्वीकृति नितांत आवश्यक है।माननीय मंत्री श्री जगरनाथ महतो ने अंबा प्रसाद को आश्वस्त करते हुए कहा कि यथाशीघ्र इस दिशा में सा. र्थक पहल की जाएगी ।

## भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले सहिया, सहिया साथी तथा बीटीटी जिला कमेटी गठित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



बैठक में मौजूद सहिया, सहिया साथी तथा बीटीटी जिला कमेटी

विष्णुगढ़ प्रमोदऑ टोमोबाइल (पुराना बजाज शो रुम) के परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को भारतीय मजदूर संघ का बैठक किया गया।बैठक में प्रदेश और जिला के कई पदाधिकारियों ने शिरकत की।बैठक की अध्यक्षता बतौर मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह तथा संचालन जिला मंत्री शंकर सिंह ने किया।बैठक में सहिया दीदी सहिया साथी तथा आंग. नबाड़ी के सहायिका ने अपनी अपनी बातों को रखा। बताया कि हम सब को मेहनत के अनुसार प्रोत्साहन राशि नही मिल रहा है। इस पर प्रदेश अध्यक्ष समेत जिला मंत्री एवं जिला अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त करते हुए बताया कि संघ आपलोगों के साथ है। निरंतर प्रयास जारी है कि आपलोगों को सम्मान. जनक प्रोत्साहन राशि मिले। बैठक के जरिये सहिया साथी एवं बीटीटी के लिए जिला कमेटी का गठन किया गया।जिसमें सीमा देवी को जिला अध्यक्ष, पिंकी देवी तथा उमा देवी को उपाध्यक्ष, मंजू देवी को जिला मंत्री, उमा देवी तथा पिंकी देवी को सह मंत्री, अंजू देवी को संगठन मंत्री तथा रेणुका देवी (इचाक) को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में मीना देवी, सुमित्रा देवी, मंजू देवी, संजीदा खातून तथा पूनम देवी शामिल हैं। जिला कमेटी के निर्माण के बाद प्रखंड कमेटी का भी गठन जल्द पूरा करने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, जिला मंत्री शंकर सिंह, जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, थुलेश्वर सिंह भोक्ता, जिला प्रभारी मनोरमा सिन्हा, सहिया साथी बीटीटी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री अनूपा विश्वकर्मा, प्रखंड़ अध्यक्ष सुरेश राम, सचिव अजीत मिश्रा, संगठन मंत्री थानेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो समेत कई सहिया सहिया साथी तथा बीटीटी कर्मी मौजूद रहे।

## उत्पाद विभाग ने चलाई छापेमारी अभियान तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज उत्पाद विभाग गिरिडीह ने जिला के देवरी थाना क्षेत्र के मंझलाडिह, हरला और बाराडीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया । छापेमारी अभियान का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय कर रहे थे। छापेमारी के दौरान तीन अवैध शराब बिक्री और निर्माण करने वाले धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पच्चीस लिटर अवैध महुआ शराब और साठ किलो जावा महुआ बरामद किया गया। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय द्वारा छापेमारी अभियान लगातार जिले भर में चलाने से अवैध शराब बिक्री और निर्माण करने वाले धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि अवैध शराब बिक्री और निर्माण के धंधे को गिरिडीह ज़िला से नामो. निशान मिटा देंगे। उत्पाद विभाग की पैनी नजर सभी अवैध शराब बिक्री और निर्माण कार्य करने वाले धंधेबाजों पर है। धंधेबाजों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति के आस पास अवैध रुप से शराब बिक्री और निर्माण कार्य कर रहा हो तो उत्पाद विभाग को सूचित करें कार्यवाही होगी। सूचना देनेवाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। आज के छापेमारी अभियान में रामबचन यादव,, सुरेंद्र यादव, अजय सिंह, प्रदीप पांडेय, जयदेव प्रसाद यादव, राम अयोध्या राय, सुरेंद्र मुंडरी, नागेश्वर कुमार सिंह, देवानंद मारला सहित जिला पुलिस बल शामिल थे।

## गावां में चैती दुर्गा पूजा को लेकर समिति की बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा बाजार में स्थित काली मंडा परिसर में चौती नवरात्र व चौती दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर टिकैत भवानी प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। कहा गया कि दो अप्रैल से शुरू हो रही चौती नवरात्र व दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू करनी है। बेहतर ढंग से पूजा संचालन पर बल दिया गया। पूजा समिति के गठन व संचालन को लेकर भी चर्चा किया गया। मौके पर कार्यकारी प्रधान अनुरूपा देवी ने कहा कि चौती दुर्गा पूजा संचालक को लेकर बैठक की गई जहां पूजा को लेकर विचार–विमर्श किया गया। बताए कि पूजा के बेहतर आयोजन को लेकर सभी को कार्य दायित्व दे दिया जाए। साथ ही कही कि दो साल बाद कोविड–19 गाइडलाइन में बदलाव हुआ है, ऐसे में इस बार वर्तमान नियम का पालन करते हुए बेहतर ढंग से पूजा का संचालन किया जाएगा। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। मौके पर ललित पाण्डेय ,मनोज सिन्हा,अमित बर्नवाल,भग. वान दास बर्नवाल,बिरजू राणा ,राहुल चौधरी,नकुल राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अजय बने रमुवां रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

रामनवमी पूजा समिति रमुवां की बैठक सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता भीम महतो ने की। बैठक में बैठक में रामनवमी का महापर्व शांति, सौहार्द एवं सद्भावना के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा झांकी, जुलूस निकालने समेत आवश्यक मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से महासमिति का अध्यक्ष अजय प्रसाद साव, उपाध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, सचिव हीरामन महतो, सह सचिव बिनोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता, संरक्षक संजय साव तथा मीडिया प्रभारी सूरज बर्मन मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी समिति में सन्नी लाहकार, जयराम साव, शशि लाहकार, भीम साव, अनुभव भारती, भीम महतो, कारू प्रजापति आदि चुने गए।

## रानीडीह में कई लोगों ने ली भाकपा माले की सदस्यता

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड के खावा पंचायत के रानीडीह में कई लोगों ने अन्य पार्टियों को छोडकर भाकपा माले की सदस्यता ग्रहण कर जनता के हक अधिकारों को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। मौके पर स्थानीय समस्याओं पर चर्चा कर आंदोलन का भी निर्णय लिया गया। बैठक की अगुवाई माले के गिरिडीह प्रखंड ग्रामीण सचिव पप्पू खान तथा लोकल सचिव मनोज कुमार यादव ने तथा संच. ालन लालजीत दास, रामजी दास तथा पिंटू दास ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता रा. जेश यादव ने कहा कि, मोदी सरकार की जनविरा. ेधी नीतियों से देश का मे. हनतकश वर्ग तबाह हो चुका है। महंगाई हर रोज बढ़ रही है, लेकिन लोगों की कमाई नहीं। खासकर गरीबों का हाल और भी बुरा है। पढ़े–लिखे युवाओं को नौकरी का सपना दिखाने वाली मोदी सरकार उनकी नौकरियां छीनने में लगी है, और उसी नक्शे कदम पर चल रही झारखंड की सरकार भी 5 लाख रोजगार का सपना दिखाकर अब युवाओं को रोजगार की परिभाषा समझाने में लगी है। उन्हा. ंने यह भी कहा कि, सरकार की नीतियों के खिलाफ गांव–गांव में संगठन बनाकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने ला. ेगों से पार्टी तथा इसके जन संगठनों का सदस्य बनने की भी अपील की।

अपील पर आधा दर्जन नए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने वालों में रामजी कुमार दास, पिंटू कुमार दास, रूपेश दास, देवलाल दास, नकुल दास, धीरेंद्र राणा थे, जिनका स्वागत करते हुए माले नेता राजेश यादव ने उन्हें सदस्यता की शपथ दिला. ई।मौके पर कमरुद्दीन अंसारी, नारायण यादव, भीखन दास, बासदेव दास, बालदेव दास, ठाकुर दास, दीपक दास, फागू दास, महावीर दास, प्रेम दास, दुखन दास समेत अन्य थे।